

Sanjeevani Multispeciality Hospital
संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य
आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।
4 साल से लगातार सफलतापूर्वक कोर्स संपूर्ण
ADMISSION OPEN 2026-27
उपलब्ध कोर्स: OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN
संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुनें? अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रेक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता
एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557


## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**छुईहा बेलर।** फिंगेश्वर थाना से एक बेहद ही विचित्र और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां मानसिक तनाव के कारण एक 29 वर्षीय व्यक्ति की मौत फांसी के फंदे लटकने से हो गई। मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम सेंदर का है। यहां सोमवार को दोपहर 1 बजे एक व्यक्ति ने अपने ही घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त उनके माता-पिता भी घर के दूसरे कमरे व बरामदा में थे। मृतक का एक 5 वर्षीय बालक है ,जो पापा के कमरे में जाने के लिए रो रहा था, तभी उनके माता-पिता ने उस कमरे को खटखटाया तो अन्दर से आवाज नहीं आने पर चौखट तोड़ि तो कमरा का मंजर देख परिवार का होश उड़ शेष पेज 10 पर

### जंगल में फंदे पर लटका मिला अज्ञात युवक का शव


**गरियाबंद।** जिले के ग्राम कोड़ोहरदी स्थित ठाकुर देव पड़ाव के समीप बरसाती नाले से लगे जंगल में एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी सबसे पहले स्थानीय ग्रामीणों को हुई, जिसके बाद उन्होंने ग्राम सरपंच नरेंद्र ध्रुव को सूचित किया। सूचना मिलते ही सरपंच नरेंद्र ध्रुव ने तत्काल गरियाबंद पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी शिशिर पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की स्थिति को देखते हुए उसके चार से पांच दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी शेष पेज 10 पर

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ के बाद अब बाघिन की आमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के लिए हाल ही में एक अत्यंत उत्साहजनक और ऐतिहासिक खबर सामने आई है। जंगल के भीतर विभिन्न क्षेत्रे मे जगह –जगह लगाये गये ट्रैप कैमरे मे हाल के दिनों में प्राप्त वीडियो और तस्वीरों ने एक बाघिन की नियमित उपस्थिति की पुष्टि की है. जो संभवतः प्राकृतिक रूप से विचरण करते हुए उदंती-सीतानदी के जंगल में पहुँची है और अब इस क्षेत्र को अपना नया घर बना रही है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने इसकी पुष्टि करते बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मे पहले से बाघ मौजूद है अब बाघिन भी आ चुकी है जिससे एक नई उम्मीद जगी है। ज्ञात हो कि लंबे समय से बाघों की वापसी की प्रतीक्षा कर रहे उदंती-सीतानदी के लिए इस बाघिन का आगमन मात्र एक वन्यजीव दृश्य नहीं, बल्कि पूरे परिदृश्य के पुनजएॅवन का संकेत और नई आशा की किरण है। स्वस्थ एवं आत्मविश्वास से अपने क्षेत्र में विचरण करती इस बाघिन की गतिविधियां इस बात का संकेत देती हैं कि वह यहां अपना क्षेत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है। पिछले कुछ वर्षों में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में आवास सुधार एवं संरक्षण की दिशा में व्यापक प्रयास किए गए हैं। इनमें सुदृढ़ गश्त एवं एंटी-पोचिंग व्यवस्था, सैकड़ों कृत्रिम जल स्त्रोतों एवं झिरियाओं का निर्माण, क्षतिग्रस्त वन क्षेत्रों का पुनरुत्थापन, अतिक्रमण हटाकर वन भूमि की पुनप्राप्ति तथा वन्यजीवों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल आवास का निर्माण शामिल है।

## ट्रैप कैमरों में कैद हुई तस्वीरें, नई उम्मीद की किरण



### रंग ला रहे हैं संरक्षण और आवास सुधार के प्रयास

बाघिन की प्राकृतिक उपस्थिति इन प्रयासों की सफलता का सकारात्मक संकेत है। कैमरा ट्रैप से प्राप्त हालिया वीडियो और तस्वीरों ने वनकर्मियों, संरक्षणवादियों और वन्यजीव प्रेमियों में नया उत्साह भर दिया है। इस बाघिन द्वारा उदंती-सीतानदी को अपना निवास क्षेत्र चुनना इस बात का प्रमाण है कि यह टाइगर रिजर्व पुनः एक सुरक्षित एवं समृद्ध बाघ आवास के रूप में विकसित होने की क्षमता रखता है। वन विभाग इस बाघिन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उसके लिए अनुकूल आवास उपलब्ध कराने हेतु संरक्षण एवं प्रबंधन के प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उदंती- सीतानदी टाइगर रिजर्व पुनः मध्य भारत के प्रमुख बाघ परिदृश्यों में अपना गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त कर सके। इस बाघिन की उपस्थिति केवल एक वन्यजीव की कहानी नहीं है, बल्कि यह आशा, पुनजएॅवन और प्रकृति की सकारात्मक प्रतिक्रिया का संदेश है। यह दर्शाता है कि उदंती-सीतानदी में किए गए संरक्षण प्रयास रंग ला रहे हैं और यह परिदृश्य एक बार फिर बाघों का सुरक्षित घर बनने की दिशा में अग्रसर है।

## निरीक्षण : राजिम में करोड़ों के विकास कार्यों का किया जमीनी मुआयना

# गुणवत्ता से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के समग्र विकास को गति देने की दिशा में राजिम नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत करोड़ों रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के हुए भूमिपूजन का विधायक रोहित साहू, पालिका अध्यक्ष महेश यादव एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यह जानकारी देते हुए सभापति आकाश राजपूत ने बताया कि भूमिपूजन के अंतर्गत थानापारा वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 14 में सम्पवेल निर्माण, वार्ड क्रमांक 6 में गौशाला टीन शेड निर्माण, वार्ड क्रमांक 1 दिकुरिया पारा में टीन शेड निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 में बजरंग अखाड़ा सीसीरोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 14 में साहू छात्रावास जीर्णोद्धार, बस स्टैंड एवं सुंदरलाल शर्मा चौक के सौंदर्यीकरण, वार्ड क्रमांक 2 में गायत्री मंदिर के पास डोम निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा, कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी।



### राजिम को आदर्श और मॉडल नगर बनाना हमारा लक्ष्य : महेश यादव

उन्होंने निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य के साथ वे कार्य कर रहे हैं। राजिम को विकास और मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि नगर के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा तथा राजिम को एक आदर्श एवं मॉडल नगर के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर नगर पालिका इंजीनियर नितेश भवर, सभापति आकाश सिंह राजपूत, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, पार्षद तुषार कदम, नरोत्तम जुगु ठाकुर, बलराम यादव सहित समस्त पार्षदगण एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## अतरमरा में भारी हंगामे के बीच हटा अतिक्रमण, महिला सरपंच से दुर्व्यवहार पर बिफरे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका



ग्राम पंचायत अतरमरा में अतिक्रमण हटाने सोमवार को तहसीलदार मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार डोनेश साहू छुरा, पाण्डुका पुलिस की टीम सहित जनपद सदस्य दुलारी साहू ग्राम पंचायत के सरपंच केजा बाई सहित ग्राम पंचायत की पूरी टीम व ग्राम विकास समिति अतरमरा के अध्यक्ष सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस बीच अतिक्रमणकारियों के महिलाओं ने काफी हो हल्ला मचाया सरपंच केजा बाई के ऊपर हमला बोल दिए और पकड़कर खींचे व झुमा झटकी सहित दुर व्यवहार भी किए और भारी विरोध के बीच ग्राम पंचायत अतरमरा में सब स्टेशन के लिए आरक्षित सरकारी जमीन को इन लोगों के अतिक्रमण से सफलता पूर्वक हटाया गया। इसमें ग्राम के सुरेश सिन्हा, चुम्मन निर्मलकर, अशोक ध्रुव, बसंत निषाद, बीसहत ध्रुव, चुम्मन ध्रुव द्वारा पिछले साल भर से अतिक्रमण कर रखा था। हाई स्कूल भवन के पीछे इन लोगों के द्वारा शासकीय आरक्षित जमीन में घर बाड़ी, खलियान व अन्य निर्माण कर रखा था। जिसको राजस्व अमला और ग्राम पंचायत की टीम व पुलिस की मदद से सफलतापूर्वक हटाया गया। लेकिन ग्रामीणों में जहां इस अतिक्रमण को हटाये जाने से खुशी है तो शेष पेज 10 पर

## कैमरे में कैद हुई मालाबार पक्षी की उड़ान



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल से दुर्लभ प्रजाति के मालाबार पक्षी की उड़ान भरते बेहद ही दुर्लभ तस्वीर को कैमरे मे कैद किया गया।

## आसमान में छाए बादल, फुहारों से गिरा पारा, उमस ने बढ़ाई बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश में 10 से 16 जून के बीच मानसून के पहुंचने का अनुमान बताया गया था लेकिन जून का तीसरा सप्ताह भी समाप्ति की ओर है और अधिकांश क्षेत्रों में अब तक झमाझम बारिश का इंतजार बना हुआ है। सोमवार 22 जून को दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में बादल छाए, ठंडी हवाएं चलीं और कहीं-कहीं हल्की फुहारें भी पड़ीं, जिससे लोगों को कुछ समय के लिए राहत का एहसास हुआ। हालांकि मानसून की यह झलक ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी और फुहारें हवा के साथ कहीं गुम हो गईं। फिर भी मौसम में आए बदलाव से तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। तेज धूप और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि उमस अभी भी बनी हुई है, जिससे लोगों की बेचैनी कम नहीं हुई है। हर किसी की निगाहें अब आसमान पर टिकी हुई हैं और उम्मीद की जा रही है कि देर शाम या रात तक अच्छी बारिश हो सकती है। बारिश में हो रही देरी का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ शेष पेज 10 पर



## तकनीकी सलाह देने भी नहीं पहुंचे जनपद के जिम्मेदार

# शासन-प्रशासन की उपेक्षा से बेजार ग्रामीण ने अतत: खुद के 12 लाख रुपए से बनाया पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के स्टाप डेम मोहल्लावासी पिछले 20-25 वर्षों से बारिश के चार माह बेहद ही दयनीय स्थिति में गुजारने मजबुर होते है मैनपुर नगर से एक फुलझर नदी बहती है नदी के उस पार ग्राम पंचायत मैनपुरकला के वार्ड क्रमांक 01 के लगभग 30-35 परिवार निवास करते है और इस मोहल्ले के लोग बारिश के दिनों में जर्जर हो चुके 20 फीट गहरे जानलेवा स्टापडेम को कूद-कूदकर छलांग लगाकर आना -जाना करने विवश होते है और तो और इस मोहल्ले के छोटे-छोटे स्कूली बच्चे जो मैनपुर के स्कूलो में पढ़ते हैं। जान जोखिम में डालकर आना- जाना करते हैं सबसे ज्यादा परेशानी किसी के तबीयत खराब होने पर या फिर गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक लाने में उठानी पड़ती है। कई बार ग्रामीणों ने मैनपुर नदी में पुल निर्माण की मांग को लेकर शासन प्रशासन से गुहार लगाकर थक चुके और तो और इस मामले को लेकर कई बार जनपद से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक ज्ञापन भी सौपा गया शेष पेज 10 पर




हर कदम पर जान का खतरा 10 पिल्हरो को कूदकर करते है आना-जाना
अपनी जान जोखिम में डाल स्टॉप डेम को पार कर स्कूल जा रहे बच्चे


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### तुमगांव प्राथमिक शाला में नौनिहालों का शाही स्वागत

**छुरा।** ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित ग्राम तुमगांव के प्राथमिक शाला में 'शाला प्रवेश उत्सव' का आयोजन बेहद उमंग और उत्साह के साथ किया गया। स्कूल की दहलीज पर पहला कदम रखने वाले नन्हे बच्चों का स्वागत किसी बड़े त्योहार की तरह हुआ। इस अनूठे उत्सव ने पूरे गांव को खुशियों और नई ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले भाग्यशाली छात्र वेदांश ध्रुव और कुणाल का स्वागत बेहद अनूठे अंदाज में किया गया। शिक्षकों और अतिथियों ने उन्हें फूल-माला पहनाई और हवा में गुलाल उड़ाकर उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद दोनों बच्चों को बड़े प्यार से खीर-पूरी खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। इस शाही सत्कार को देखकर नन्हे बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उप सरपंच संघ के अध्यक्ष और हरदी पंचायत के उप सरपंच रुपनाथ बंजारे ने अपने ज्ञानवर्धक विचारों से सबमें जोश भर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा शिक्षा केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं है, बल्कि यह जीवन के अंधकार को मिटाने वाली जलती हुई मशाल है। आज प्रवेश लेने वाले ये दो नन्हे सितारे वेदांश और कुणाल आने वाले कल के डॉक्टर, इंजीनियर या देश के कर्णधार बनेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही शाला विकास समिति की अध्यक्ष मोतिम बाई यादव ने शिक्षा के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग का वादा किया। मंच पर पंचगण पूर्णिमा साहू, माहेश्वरी कंवर, दुलारी बाई कंवर और सावित्री बाई कंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। सभी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वरूण यादव ग्राम पतेरापाली ने बताया कि 21 जून की रात लगभग 10 करण पटेल उसके घर के सामने गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इस पर आरोपी ने तू मना करने वाला कौन होता है कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मे पहने लोहे के कड़े को निकालकर मेरे सिर मे मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद, महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते एक महिला पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 ईसाईपारा निवासी मंजीत सिंह ने सहेलका दास पति स्व. अनिल दास निवासी महासमुंद के द्वारा जमीन संबंधी बात पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट लिखाई है।

**समस्या : ओटीपी के लिए भटक रहे किसान, पढ़ाई प्रभावित**

# डिजिटल इंडिया में नेटवर्क को तरस रहा दुल्ला, टॉवर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ›› छुरा

ग्राम दुल्ला के ग्रामीणों ने गांव में शीघ्र मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान समय में शासन की अधिकांश योजनाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है, लेकिन गांव में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या के कारण लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आज के दौर में लगभग सभी शासकीय सेवाएं मोबाइल और इंटरनेट आधारित हो गई हैं। खाद एवं बीज वितरण के दौरान किसानों को ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कर सामग्री प्राप्त करनी पड़ती है। गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण किसानों को ओटीपी प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है, जिससे उन्हें कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर दूसरे गांवों का रुख करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूलों में भी मोबाइल और इंटरनेट की आवश्यकता बढ़ गई है। स्कूलों में विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना, मध्याह्न भोजन योजना की जानकारी अपलोड करना, विभिन्न शैक्षणिक पोर्टलों में जानकारी भरना तथा अन्य प्रशासनिक कार्य मोबाइल नेटवर्क के अभाव में प्रभावित हो रहे हैं। इससे शिक्षकों को भी अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा बच्चों के जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। नेटवर्क की सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर जाकर इंटरनेट का उपयोग करना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान दोनों हो रहे हैं।



**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उठाई आवाज, शीघ्र पहल की मांग**

ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क की समस्या के कारण आपातकालीन परिस्थितियों में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति, दुर्घटना अथवा अन्य जरूरी सूचनाओं के आदान-प्रदान में भी बाधा उत्पन्न होती है। ग्रामीणों का कहना है कि डिजिटल इंडिया के इस दौर में आज भी दुल्ला जैसे गांव का बेहतर मोबाइल नेटवर्क से वंचित रहना चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग करते हुए कहा कि ग्राम दुल्ला में शीघ्र मोबाइल टॉवर स्थापित कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके और शासकीय योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से हो सके। इस मांग को लेकर प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गरियाबंद केशरी ध्रुव, उप सरपंच सुरेश शर्मा, ग्राम पटेल टेकचंद चंद्राकर, भाजपा छुरा मंडल मंत्री गणेश यादव, गणेश ठाकुर, ग्राम अध्यक्ष विमल ठाकुर, उदयभानु चन्द्राकर तथा देवाराम साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने शासन से शीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की है।



## नंदनी ने योगासन में जीते 14 स्वर्ण पदक, क्षेत्र का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ›› नवापारा-राजिम

शहर की बेटी कुमारी नंदनी निर्मलकर ने यह साबित कर दिया है कि सपनों को उड़ान देने के लिए बड़े संसाधनों नहीं, बल्कि बड़े हौसलों की जरूरत होती है। 12वीं कक्षा में अध्ययनरत नंदनी ने योगासन प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14 स्वर्ण पदक अर्जित किए हैं और आज वे जिले की युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। नंदनी का सफर एक साधारण छात्रा से राष्ट्रीय स्तर की योग खिलाड़ी बनने तक का है। शासकीय जे आर दानी विद्यालय, रायपुर में पढ़ाई करते हुए उन्होंने योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाया और कठिन अभ्यास, अनुशासन तथा समर्पण के बल पर एक के बाद एक सफलताएं हासिल कीं। वर्ष 2021 से लेकर 2025-26 तक उन्होंने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्वर्णिम उपलब्धियां अपने नाम की। खेलो इंडिया, योगासन भारत, एसजीएफआई, योगा ओलंपियाड और वेस्ट जोन नेशनल योगासन प्रतियोगिता जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर उनका प्रदर्शन लगातार उत्कृष्ट रहा है। हर पदक उनकी मेहनत, संघर्ष और दृढ़ इच्छाशक्ति की कहानी कहता है। नंदनी अपनी सफलता का श्रेय जिला प्रशासन, अपने योग गुरु डॉ. छगनलाल सोनवानी, योग प्रशिक्षक सूर्य कुमार तथा प्राचार्य डॉ. हितेष दिवान को देती हैं। उनका मानना है कि सही दिशा और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। उनका सपना है कि भविष्य में योग को ओलंपिक मंच तक पहुंचाने की दिशा में योगदान दें और देश, प्रदेश तथा रायपुर जिले का नाम विश्व स्तर पर रोशन करें।

## 24 जून को प्रस्तावित ग्रामसभा की तिथि परिवर्तन करने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर



सरपंच संघ मैनपुर द्वारा आज मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचकर एसडीएम हितेश्वरी बाघे को ज्ञापन सौपकर मांग किया है कि 24 जून 2026 को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित ग्रामसभा की तिथि को परिवर्तित किया जाये क्योंकि 24 जून को संपूर्ण देश सहित आदिवासी समाज द्वारा विरांगना रानी दुर्गावती शहादत दिवस सम्मान के साथ मनाया जाता है। सरपंच संघ के सदस्यों ने ज्ञापन सौपकर मांग किया कि इस दिन आदिवासी समाज द्वारा जगह- जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। शहादत दिवस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि समाज प्रमुख ग्रामवासी एवं समस्त सरपंचगण पंचगण शामिल रहेंगे ऐसी स्थिति में ग्रामसभा में अपेक्षित जनभागीदारी एवं प्रतिनिधित्व सुनिश्चित नहीं हो सकेगी। सरपंच संघ द्वारा गरियाबंद कलेक्टर के नाम ज्ञापन मैनपुर एसडीएम को सौपते हुए जनहित एवं आदिवासी समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 24 जून 2026 को प्रस्तावित ग्रामसभा की तिथि में परिवर्तन करने की मांग किया गया है। इस दौरान सरपंच संघ के पदाधिकारी हेमोबाई नागेश, जयराम मांझी, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, ललिता ध्रुवा, मुकेश कपिल, विजय मरकाम, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम, निलेन्द्र नागेश, अरविंद नेताम, बनसिंग सोरी, डोमु ध्रुव, गज्जु नेगी, पुष्पा नेगी, यशवंत मरकाम, पुनित नागेश, टीकम नागवंशी सहित बड़ी संख्या मे सरपंच आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मोंगरा में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की बैठक अभियान चलाकर युवाओं को संगठन से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ›› छुरा



ग्राम मोंगरा (चरौदा) में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की एक जोरदार बैठक एवं सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के सेनानी भाईयों एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक में संगठन की मजबूती, गांव-गांव तक विस्तार, नए सदस्यता अभियान तथा छत्तीसगढ़िया अस्मिता से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने गांव में नए सदस्य बनाने का अभियान चलाया और छत्तीसगढ़िया समाज को एकजुट करने का संकल्प दोहराया। बैठक में मौजूद सेनानी भाइयों ने कहा कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अब गांव-गांव तक अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और आने वाले समय में संगठन की विचारधारा तथा जनजागरण अभियान को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया तथा नए सदस्यों का गमछा पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें संगठन से जोड़ा गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ महतारी, माटी, भाषा और हक-अधिकार के लिए मिल-जुलकर कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में संगठन विस्तार, आगामी रणनीति, गांव स्तर की बैठकों, जनसंपर्क अभियान तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने के विषय पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में सेनानी भाई बजरंग नायक, मनसाय नेताम, गौतम सोरी, भुनेश्वर भोई, हेमराज महानंद, भूषण ठाकुर, प्रदीप नेताम, काडू राम नायक, लखन चक्रधारी, दीनू राम नायक, अभय राम नागवंशी, खोजी राम नेताम के साथ छुरा खंड अध्यक्ष चोखे लाल साहू, महासचिव पुष्पराज साहू, जिला महासचिव तेजराम मरकाम, अन्नाकुमार मरकाम सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## किसानों ने देखा पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त का लाइव प्रसारण





हरिभूमि न्यूज ›› छुरा

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा जारी की जाने वाली सम्मान निधि की 23वीं किस्त का लाइव प्रसारण विकासखंड मुख्यालय छुरा में आयोजित किया गया। कृषि विभाग छुरा के तत्वावधान में जनपद पंचायत छुरा के सभा कक्ष में दोपहर 3:45 बजे विकासखंड स्तरीय पीएम किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त की राशि पात्र किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन एवं राशि हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत गरियाबंद के कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भावेश कुमार शांडिल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए किसानों को योजना की पात्रता, ई-केवाईसी, आधार सीडिंग तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से समय-समय पर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराने की अपील भी की, ताकि उन्हें योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से पुष्पलता ध्रुव (एसएमएस), रोमन लाल ठाकुर, अलका ध्रुव, संजय बघेल, हेमंत ध्रुव, पुस्तम चौहान, सनत दीवान, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आशा राम कमार सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुण्डेल में शराब-गांजा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ›› छुईहा बेलर



नशे के खिलाफ कुण्डेल के सतनामी समाज की हुंकार

ग्राम कुण्डेल के सतनामी समाज ने सामाजिक एकता और जनजागरूकता का परिचय देते हुए नशे के खिलाफ एक ऐतिहासिक एवं सराहनीय निर्णय लिया है। कुण्डेल समाज की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि कुण्डेल गांव के भीतर किसी भी प्रकार की अवैध शराब और गांजा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इससे संलग्न पर कानुनी कारवाई के लिए थाना प्रभारी चिंता राम देशमुख को सोमवार को ज्ञापन सौंपा गया। समाज प्रमुख का मानना है कि नशा केवल व्यक्ति विशेष को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। अवैध शराब और गांजा के बढ़ते प्रचलन से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है तथा सामाजिक वातावरण भी दूषित हो रहा है। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए सतनामी समाज कुण्डेल ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए नशे के विरुद्ध कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है। बैठक एंव ज्ञापन सौंपने वाले इस अवसर पर पत्रकार एवं समाजसेवी देव प्रसाद बघेल (सचिव), तुलसी पुरेना (अध्यक्ष, सतनामी समाज कुण्डेल), रवि ढीढी (कोषाध्यक्ष), गौवकरण टण्डण (उपाध्यक्ष), मनबोध बघेल (सलाहकार), राजकुमारी ढीढी (पंच), अश्वनी, दिनबंधु भरद्वाज, उमेन्द्र जोशी, लक्ष्मण बांधे, शिवा टण्डण, गोवर्धन बांधे, मोहन सोनवानी, तीजू ढीढी, गणेशु पुरेना, हेमु ढीढी, झुमका, देवक्षण, प्रेमलाल, राजकुमार, भोला, मुकेश सोनवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष...

### युवक ने फांसी...

गए। युवक फांसी की फंदे पर लटक रहा था। मृतक का पिता तिरथ निषाद ने पुलिस थाना फिंगेश्वर पहूंचकर सूचना दी, थाना प्रभारी चिंता राम देशमुख, एस आई सुरेश निषाद बल के साथ घटनास्थल पहूंचकर शव को पंचनामा चिरघर में पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद से पूरे गांव में संदिग्ध पसरा हुआ है और मां का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार ने पुलिस को बताया की मृतक का नाम कमलेश पिता तिरथ निषाद ग्राम सेंदर है। मृतक का पत्नि से एक पुर्व तलाक हो गया था।गंभीर मानसिक अवसाद (डिप्रेशन) से पीड़ित हो गए थे। तब से उनका संतुलन बिगड़ा हूआ था। यह आत्मघाती कदम इसी का परिणाम बताया जा रहा है। शव को अंत्य परीक्षण (पोस्टमार्टम) के बाद परिवार को सौप दी, वहीं पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जंगल में फंदे पर...

है, जिससे पुलिस के सामने उसकी शिनाख्त बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। साथ ही आसपास के थाना क्षेत्रों से गुमशुदगी की जानकारी जुटाई जा रही है और मृतक की पहचान के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### अतरमरा में भारी...

वही तहसीलदार व पुलिस की मौजूदगी में एक महिला सरपंच के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर काफी नाराजगी देखने को मिला। इस घटना के बाद दोनों पक्ष द्वारा पाण्डुका थाना में लिखित आवेदन भी दिया गया है। जिस पर सरपंच का डॉक्टरी मुलाहिजा कराने गरियाबंद जिला अस्पताल भेजा गया था। इस मामले पर पाण्डुका थाना प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कह रहे हैं। व दोंनो पक्षों द्वारा लिखित आवेदन भी देने की बात कहे। वही नायब तहसीलदार डोनेश साहू ने बताया कि आज अतरमरा में 6 लोगों के द्वारा शासकीय आरक्षित जमीन में किए अतिक्रमण को सफलता पूर्वक हटाया गया है। और कुछ झूमा झटकी भी हुआ है।

### आसमान में छाए...

रहा है। खरीफ सीजन की तैयारियां लगभग ठप पड़ी हुई हैं। खेतों की जुताई और बुवाई का कार्य बारिश के अभाव में शुरू नहीं हो पा रहा है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बादलों की राह देख रहे हैं।

**बारिश में देरी से थमीं खरीफ की तैयारियां, किसान चिंतित-** गांवों में खेती-किसानी पर आधारित गतिविधियां पूरी तरह बारिश पर निर्भर हैं और पर्याप्त पानी नहीं गिरने से चिंता का माहौल बढ़ता जा रहा है। जानकारों का कहना है कि मानसून प्रदेश में सक्रिय होने की स्थिति में है और आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन सकती है। फिलहाल लोगों को गर्मी और उमस से स्थायी राहत तभी मिलेगी जब मानसून पूरी तरह सक्रिय होकर जमकर बरसेगा। किसान, व्यापारी और आमजन सभी को अब उस पहली मूसलाधार बारिश का बेसब्री से इंतजार है, जो धरती की प्यास बुझाने के साथ-साथ खेती-किसानी की रफ्तार भी बढ़ाएगी। आसमान में छाए बादल और चली ठंडी हवाएं यह संकेत जरूर दे रही हैं कि मानसून दूर नहीं, लेकिन प्रदेशवासियों को अभी कुछ और इंतजार करना पड़ सकता है।

### शासन-प्रशासन...

लेकिन ग्रामीणों के इस महत्वपूर्ण मांग की तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया। स्टापडेम मोहल्ले में निवास करने वाला एक ग्रामीण जो मुर्गा व्यवसायी है लोचन चक्रधारी उन्होने अपने स्वयं के खर्च से लगभग 10 से 12 लाख रूपये खर्च कर अपने घर के सामने नदी में पुल का निर्माण कर दिया और पुल निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है आने वाले बारिश में इसका लाभ इस मोहल्ले के लोगों को मिलेगा लेकिन इस मोहल्ले के पुराने मार्ग जहां स्टापडेम का निर्माण किया गया है वह बेहद जर्जर हो गया है वह आसपास मकान वालों के लिए आने वाले दिनों में किसी खतरे से कम नहीं है बारिश से नदी मे उफान से आसपास के घर को नुकसान पहुंचने की संभावना है।

**जनपद के अफसरों को निवेदन करने के बाद भी झांकने नहीं पहुंचे-** ग्रामीण लोचन चक्रधारी के पुत्र डोलेश चक्रधारी व मोहल्ले के लोगों ने बताया कि उन्होने अपने स्वयं के खर्च से पुल का निर्माण किया है लेकिन पुल निर्माण के लिए डिजाइन, तकनीकी जानकारी के लिए जनपद पंचायत के कई अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर सुझाव देने की गुहार भी लगाई हद तो तब हुई कि इसके बावजूद भी कोई भी जिम्मेदार स्थानीय अधिकारी पुल निर्माण के लिए उन्हे सुझाव देने के लिए नहीं पहुंचा। जिसका मलाल इस ग्रामीण में देखने को मिलता है। लोगों ने गरियाबंद के कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर से मांग किया है ऐसे ग्रामीणों का सार्वजनिक मंच से सम्मान किया जाए साथ ही पुल निर्माण में उनके योगदान को देखते हुए अन्य अधूरे कार्य को सरकार द्वारा पुरा करवाया जाए।

**नदी में तटबंध निर्माण किया जाना आवश्यक-** इस नदी मे हर वर्ष कटाव बढ़ता जा रहा है पुल के साथ तटबंध निर्माण की मांग लंबे समय से किया जा रहा है तीन वर्ष पहले हुए मुसलाधार बारिश में यह मोहल्ला में पानी भर गया और रात में ही प्रशासन को ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकालना पड़ था अब नदी के दोनों ओर तटबंध निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक हो चला है।

## रेत में दबी मिली अज्ञात युवती की लाश, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ›› महासमुंद

जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र के रामखेड़ा झारा नाला के पास रेत में दबी हुई एक युवती की लाश मिली है। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे एक ग्रामीण की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव का आधा हिस्सा रेत के बाहर दिखाई दे रहा था, जबकि बाकी शरीर रेत में दबा हुआ था। मौके पर लेडिस चप्पल भी मिली है। शव के बालों का गुच्छा रेत के बाहर दिखाई देने पर ग्रामीणों को संदेह हुआ और मामला सामने आया। ऐसा माना जा रहा है कि शव को छिपाने की नीयत से ट्रैक्टर मार्ग पर बने लगभग एक फीट गहरे गड्ढे में दबाया गया था। सूचना मिलते ही खल्लारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव को यहां लाकर दबाया गया या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में इसे लेकर चर्चा का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### छुरा में 24 को मनेगा महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

छुरा। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में आदिवासी वीरांगना एवं राष्ट्र गौरव महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 24 जून, बुधवार को जिला स्तरीय रूप में छुरा में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के बस स्टैंड स्थित रानी दुर्गावती चौक से भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, युवा, महिलाएं एवं समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे रानी दुर्गावती चौक में पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ होगी। इसके पश्चात कलश शोभायात्रा एवं भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों, मांदर की थाप एवं सांस्कृतिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नगर भ्रमण के उपरांत स्थानीय मिनी स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यहां समाज के वरिष्ठजनों, अतिथियों एवं प्रतिभावान व्यक्तियों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। साथ ही विभिन्न वक्ताओं द्वारा महारानी दुर्गावती के शौर्य, बलिदान एवं उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया जाएगा।



### आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक 24 जून को

मुड़ागांव(कोरासी)। आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ (30183) जिला शाखा गरियाबंद द्वारा विभागीय कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर 24 जून बुधवार को जिला स्तरीय बैठक आहूत की गई है। यह बैठक प्रातः 11 बजे शनि मंदिर परिसर, गरियाबंद में आयोजित होगी। संघ के जिला अध्यक्ष डोमार बघेल ने बताया कि प्रांताध्यक्ष धन्नुलाल देवांगन के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में जिले के सभी विभागीय कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में विभागीय कर्मचारियों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिसके कारण कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिले में 250 से अधिक कर्मचारियों को स्वीकृत पद के कर्मचारी नहीं होने का हवाला देकर बिना पूर्व सूचना और बिना किसी कारण के छात्रावासों एवं आश्रमों से कार्यमुक्त कर दिया गया है। वहीं नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बावजूद संबंधित कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं बुलाया जा रहा है। इसके अलावा दैनिक वेतनभोगी एवं कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों का 7 से 18 माह तक का वेतन लंबित है। शासन द्वारा श्रम सम्मान राशि के रूप में प्रदान की जाने वाली 4 हजार रुपये की सहायता राशि भी सभी पात्र कर्मचारियों को नहीं मिली है, जिससे भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हुई है।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़**

**शपथ पत्र**

मैं ममता विश्वकर्मा पति विश्वनाथ विश्वकर्मा जाति लोहार निवासी वार्ड नं 02 तौरेंगा तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद छ.ग. की निवासी हुँ जो कि निम्नानुसार घोषित करती हुँ किः-

1. मैं ममता विश्वकर्मा वार्ड नं 02 ग्राम व पोस्ट तौरेंगा तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ।
2. मै अपने नाबालिग पुत्र का नाम गणेश कुमार विश्वकर्मा से बदलकर नाम गगन विश्वकर्मा करवाना चाहती हूँ।
3. मै अपने पुत्र का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूगा।
4. मेरे पति विश्वनाथ विश्वकर्मा हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है।

मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशोहवासो में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा समक्ष प्राधिकारी में समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**आवेदक**
**ममता**

**योग दिवस :** विधायक की मौजूदगी में मनाया योग दिवस, अग्निवीर के चयनित जवानों का सम्मान

# योग से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पंडित राम विशाल उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल में विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में योग कार्यक्रम हुआ जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा,खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य बीएल ध्रुव,सभापति भारत यादव, कुलेश्वर साहू, आकाश राजपूत, पार्षद सुरेश पटेल, बलराम यादव, तुषार कदम, सोमनाथ पटेल, शरद पारकर ,पुरन यादव, सुभाष शर्मा, सागर शर्मा, कैलाश साहू, सूर्यवंशी ,छात्र-छात्राएं ,गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत आवश्यक है, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, यह लचीला पन बढ़ता है, तनाव कम करता है, तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है, इसलिए प्रतिदिन योग करना आवश्यक होता है। पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि जो प्रतिदिन योग करते हैं उसको किसी प्रकार की बीमारी नहीं होती। उनका शरीर शांत, लचीलापन तनाव मुक्त होता है, इसीलिए उन्होंने प्रतिदिन योग करने का आग्रह सभी से किया है। कार्यक्रम के दौरान अग्निवीर में चयनित जवानों का शाल श्री फल और स्मृति चिन्ह में भेट कर सम्मान किया।





## प्राथमिक शाला बारूला में मना योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में 21जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ प्रधान पाठक एवं जनप्रतिनिधि पालक शिक्षक छात्र छात्रओं के द्वारा सुबह 7 बजे दीप प्रवचलित कर प्रार्थना के साथ योग दिवस का शुरूआत किया गया। अनुलोम विलोम, प्राणायाम, पद्मासन, सिद्धासन ताड़ासन वज्रासन ध्यान योग तितली आसन आदि योग किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच सुकदेव राम साहू ने बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है नियमित योग से शारीरिक मानसिक विकास स्वस्थ शरीर में एकाग्रता होती है। संस्था के प्रधान पाठक लता धुरव द्वारा जनप्रतिनिधि, पालक, शिक्षक छात्र छात्रओं आदि को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। प्रधान पाठक लता ध्रुव ने कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। बल्कि यहां मन,शरीर और आत्मा को संतुलित करने एक माध्यम से मानसिक शांति और बेहतर एकाग्रता प्राप्त करने में मदद करती है। योग दिवस के अवसर पर सरपंच सुकदेव राम साहू,शाला साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता,जितेंद्र साहू, अशोक कुमार, झाड़ू राम साहू, रूबी निर्मलकर, शिक्षिका मोती ध्रुव, हीरावन लाल साहू,कमलकांत सेन आदि उपस्थित थे।



## चंदूलाल साहू की मौजूदगी में सामूहिक योग, 139 शाखाओं में भी हुआ अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉपोरेशन मुख्यालय में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू सहित प्रबंध संचालक, अधिकारी एवं कर्मचारी सामूहिक योगाभ्यास कर शरीर, मन और आत्मा की एकता का अनुभव किया। जानकारी के मुताबिक निगम के 139 शाखा परिसर में योग अभ्यास किया गया। श्री साहू ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और विज्ञान है। योग आध्यात्मिक अनुशासन और सूक्ष्म ज्ञान पर आधारित वह साधना है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। योग व्यक्ति के शरीर, मन, भावना और ऊर्जा -सभी स्तरों पर कार्य कर संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करता है। तनावमुक्त, स्वस्थ और ऊजार्वान समाज ही विकसित राष्ट्र का आधार है। अतः हम सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को स्थान देना चाहिए। स्वस्थ शरीर, स्थिर मन और शुद्ध भावना से ही हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में सार्थक योगदान दे सकते हैं।





### दो दिवसीय विशेष योग कार्यशाला छात्रों ने सीखा योग के गुर

**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, गरियाबंद में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर एनएसएस के तत्वावधान में दो दिवसीय विशेष योग कार्यशाला का अत्यंत उत्साहजनक शुभारंभ 19 जून 2026 से किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की राष्ट्रीयसेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमेश ठाकुर एवं अतिथि शिक्षक आदर्श कुमार द्वारा किया जा रहा है। भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित यह कार्यशाला दिनांक 20 जून तक प्रतिदिन महाविद्यालय परिसर में सुचारू रूप से संचालित होगी। इस कार्यशाला के अंतर्गत प्रथम दिवस उपस्थित प्रतिभागियों को योग का मूलभूत परिचय दिया गया तथा विभिन्न प्रकार की सूक्ष्म क्रियाओं और शरीर को शिथिल करने वाले अभ्यासों (शिथिलीकरण) का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया।

## जीवन में निरोग रहने के लिए योग सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।तत्पश्चात व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू द्वारा कटि चालन,ग्रीवा चालन,ताड़ासन, वृक्षासन, लोम-अनुविलोम, प्राणायाम, वज्रासन, शशकासन, भ्रामरी प्राणायाम, भुजंगासन के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ और निरोग रहता है।

योग मन और विचार को नियंत्रित रखते हुए रक्त परिसंचरण और मांसपेशियों के विश्राम में मदद करता है। योग अस्थमा, मधुमेह का इलाज करते हुए बेहतर पाचन तंत्र प्रदान करता है। सरपंच पदमामोती निषाद ने कहा कि योग हमारी संस्कृति की अमूल्य विरासत है। योग हमें शारीरिक शक्ति, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। नियमित योगाभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा जीवन में सकारात्मकता आती है.प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली एक महान भारतीय संस्कृति है। योग हमें स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाती है.व्याख्याता पूरन लाल साहू ने कहा कि इस वर्ष 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है.जिनका थीम ष्स्वस्थ आयु के लिए योग है योग शरीर, मन एवं आत्मा को एकीकृत करता है। योग एक प्राचीन, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। उन्होंने आगे योग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है।यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है।जीवन में निरोग रहने के लिए योग सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा सरपंच पदमामोती निषाद, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, दिनेश विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, स्वीपर यशवंत साहू एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।




# सतनामी समाज राजिम परिक्षेत्र के कोमल बने अध्यक्ष, कुलेश्वर सोनवानी सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सतनामी समाज राजिम परिक्षेत्र के हुए चुनाव में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने मताधिकार का प्रयोग कर नई कार्यकारिणी का चयन किया। बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति ने समाज की एकता, जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती का परिचय दिया। अध्यक्ष पद के लिए हुए त्रिकोणीय मुकाबले में कोमल ढीढी ने 141 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राकेश मांड्रे को 65 मत और ज्ञानिकदास गायकवाड़ को 14 मत मिले। भारी मतों के अंतर से मिली जीत के बाद कोमल ढीढी को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद के लिए हुए चुनाव में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कुलेश्वर सोनवानी ने 83 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी भागचंद चतुर्वेदी को 63 मत, देवानंद मन्नाडे को 60 मत तथा मुकेश भारती को 15 मत प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के साथ ही समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपाध्यक्ष पद के लिए कुल आठ उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान के बाद किरण टंडन ने 107 मत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नरेन्द्र कुमार रात्रे को 88 मत तथा कमलनारायण रात्रे को 80 से अधिक मत मिले। निर्धारित सीटों के अनुसार तीनों प्रत्याशियों को उपाध्यक्ष पद के लिए विजयी घोषित किया गया। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर भुनेश्वरी बंजारे और रामेश्वरी कुर्रे निर्विरोध निर्वाचित हुईं। कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में गोपचंद बनर्जी ने 134 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विष्णु जांगड़े को 86 मत मिले। चुनाव परिणाम सामने आते ही समाजजनों ने विजयी उम्मीदवारों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कोमल ढीढी, सचिव कुलेश्वर सोनवानी, कोषाध्यक्ष गोपचंद बनर्जी सहित सभी विजयी पदाधिकारियों ने समाज के मतदाताओं, वरिष्ठजनों और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



### किरण बने पुनः उपाध्यक्ष

सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र राजिम गुरु घासीदास मंदिर समिति के लिए अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष व सचिव का चुनाव हुआ जिसमें उपाध्यक्ष के लिए 8 प्रत्याशी खड़ा हुआ था जिसमें कौदकेरा निवासी किरण टंडन पिता स्व उबेलाल टंडन को 107 वोट पाकर पुनः 27 वोट से उपाध्यक्ष के लिए नवनिर्वाचित हुआ किरण टंडन को तहसील परिक्षेत्र राजिम के उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया एवं बधाई देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष हेमंत सॉन्ग डॉ आनंद मतवाले गुरुजी, मुन्ना करे, नवनिर्वाचित अध्यक्ष कोमल ढ़ीढ़ी, भागचंद चतुवेर्दी, सनत चेलक, थानेश्वर बंजारे, मनोज सोनवानी, रमेश गोयल ,छवि भारती, जेठू कोसरे, गोदु डहरिया, आदि ने शुभकामनाएं दी।



## गायत्री मंदिर में एफसीसी चैंपियन क्लब ने कराया सामूहिक योग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एफसीसी चैंपियन कलब के तत्वावधान में गायत्री मंदिर में योग कराया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू की उपस्थिति में योग कराया गया जिसमें महेश यादव अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, रामकुमार साहू अध्यक्ष चैंपियन कलब, चंद्रशेखर मिश्रा, सुभाष शर्मा, गौरव वत्स, लीलाधर सिन्हा, वासुदेव साहू, भानु राम साहू, बसंत साहू, श्यामदेव साहू, विशेष साहू संतोष यादव, उमेश साहू, जागेश्वर साहू, भोला साहू, गिरीश साहू, उत्तम साहू, संतोष साहू, अकास यादव, साधु निषाद, योगाचार्य यश साहू शामिल थे। इस अवसर पर चंदुलाल साहू ने कहा कि योग से शरीर को स्वस्थ और मन को शांति मिलती हैं हमारे देश में ऋषि मुनियों संतों ने योग के माध्यम से लोगों को निरोग और स्वस्थ रहने कि कला बताया जिसे हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश विदेश में योग को प्रोत्साहित किया।

## स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर ग्रामीणों को सिखाए गुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग के मार्गदर्शन पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र मुंडा तथा योग प्रशिक्षक हेमंत साहू द्वारा ग्रामीणजनों को योग आसन, प्राणायाम के महत्व को बड़ी गहनता से सभी के बीच रखा जो हमे जीवन को स्वस्थ और सुखमय बनाता है जो हमारे लिए शारीरिक और मानसिक दोनों के लिए जरूरी होता है साथ ही इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के महत्व को भी बताया।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## योग दिवस पर कोतवाली परिसर में किया गया सघन पौधारोपण



**गरियाबंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिटी कोतवाली गरियाबंद परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छायादार और फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा स्वस्थ जीवन के साथ प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) गोपाल वैश्य एवं थाना प्रभारी निरीक्षक शिशिर पांडे के नेतृत्व में किया गया। थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनकी सुरक्षा तथा नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि योग केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने का भी माध्यम है। इसी सोच के साथ योग दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर थाना स्टाफ के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प दोहराया। पुलिस विभाग की इस पहल को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## अभनपुर में 25 बिस्तर की होम्योपैथी अस्पताल की स्थापना की जाएगीः विधायक साहू

**अभनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अभनपुर मे जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक मे विधायक इन्द्रकुमार साहू की अध्यक्षता मे स्वास्थ सेवाओ को सुदृढ़ करने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। विकासखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो के सुविधाओ के वर्तमान स्थिती का समीक्षा किया गया तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया। विधायक श्री साहू ने जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई निर्णय लिये ,गायत्री मंदिर से अस्पताल तक मुख्य पहुंच मार्ग का निर्माण कराने की घोषणा की गई उसके साथ ही क्षेत्र मे वैकल्पिक व प्रभारी चिकित्सा पद्धतियो को बढ़ावा देने 25 बिस्तर की होमोपैथी अस्पताल के स्थापना के शासन द्वारा स्वीकृति की घोषणा किया। ग्रामीण क्षेत्रो मे स्वास्थ्य नेटवर्क मजबूत करने के दिशा मे विकासखंड मे 6 नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनो की स्वीकृति के साथ 28 लाख 51 हजार रूपये के बजट मे प्रावधान किया गया है जिससे ग्रामीण अंचलो मे बुनियादी स्वास्थ्य ढांचा मजबूत होगा विधायक ने समीक्षा बैठक मे लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर व स्टॉफ को सख्त रूख अपनाते कड़ा निर्देश दिये कि किसी भी हालात मे आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी,समय पर अस्पताल मे अपनी उपस्थिती सुनिश्चित करे साथ ही मरीजो व उनके परिजनो के प्रति मृदभाषी एवं संवेदनशीलता पूर्ण व्यवहार रखने का हिदायद दिया ताकि अस्पताल आने वाले पीड़ितो को सुलभ व सम्मानजनक ईलाज मिल सके।

**विडंबना : अनियमितता की भेंट चढ़ा अतरमरा का नवीन आंगनबाड़ी भवन**

# आंबा के जर्जर कमरों व धसती जमीन के बीच जान जोखिम में डाल पढ़ाई कर रहे नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

विकास खंड छुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरमरा से प्रशासनिक लापरवाही और कमीशनखोरी का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 पिछले लगभग 7 वर्षों से आदिवासी समाज के एक जर्जर सामुदायिक भवन में भगवान भरोसे चल रहा है। हद तो तब हो गई जब पिछले कुछ महीनों से इस भवन के ठीक बीचों-बीच जमीन धंसने लगी है और एक बड़ा गड्ढा बन गया है, जिसका आकार लगातार बढ़ रहा है। यह धंसती जमीन यहाँ आने वाले मासूम बच्चों के लिए कभी भी किसी बड़े हादसे का सबब बन सकती है।

■ धंसती जमीन के नीचे छिपा है पुराना कुआं

स्थानीय जानकारों के मुताबिक, जिस जगह पर यह सामुदायिक भवन बना है, वहां पहले एक गहरा कुआं हुआ करता था। अब समय के साथ वह कुआं नीचे धंस रहा है। कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने इसकी लिखित व मौखिक जानकारी ग्राम पंचायत को दी थी, लेकिन पंचायत ने इस गंभीर खतरे को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। आखिरकार, बच्चों की जान बचाने के लिए सहायिका ने खुद ही पास के घरों से टूटे हुए खपरैल (कैलू) के टुकड़े लाकर उस गड्ढे को भरा, ताकि कोई बच्चा उसमें न गिरे।

### अव्यवस्था के कारण पालकों ने बच्चों को भेजना किया बंद

इस आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 28 बच्चे दर्ज हैं। बुनियादी सुविधाओं के नाम पर यहाँ की स्थिति बदतर है। केंद्र में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय की। सहायिका को दूसरे के घरों से पानी लाना पड़ता है। यदि किसी बच्चे को टॉयलेट जाना हो, तो उसे पड़ोसियों के घरों में ले जाना पड़ता है। इस जर्जर और असुरक्षित माहौल के कारण अधिकांश पालकों ने डर के मारे अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजना ही बंद कर दिया है, जिससे बच्चों का प्रारंभिक शिक्षण और पोषण आहार दोनों प्रभावित हो रहा है।



### जल्द से जल्द पूरा करेंगे

रमेश कंवर, कार्यक्रम अधिकारी, छुरा ने कहा की जिला पंचायत सीईओ गरियाबंद के निर्देश पर ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच को नोटिस जारी किया गया है। भवन का स्लैब लेवल तक काम हो चुका है, कुछ ही कार्य शेष है। जल्द से जल्द इस अधूरे कार्य को पूर्ण करा लिया जाएगा।

### जल्द ही पूरा कराकर सौंपेगा

अनिल साहू, सचिव, ग्राम पंचायत अतरमरा ने बताया की यह निर्माण कार्य पूर्व सरपंच के कार्यकाल का है। करीब 15 दिन पहले इस संबंध में जांच और नोटिस देने के लिए अधिकारी आए थे। तब पूर्व सरपंच ने आश्वासन दिया है कि वह इस अधूरे कार्य को जल्द ही पूरा कराकर सौंपेगा।



### दो साल से अधूरा है नया भवन

हैरानी की बात यह है कि पिछले दो सालों से स्कूल प्रांगण के बीच एक नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है। पिछले सरपंच के कार्यकाल में शुरू हुआ यह निर्माण आज तक पूरा नहीं हो पाया है। स्लैब (ढलाई) डालकर काम को अधर में छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि चहेते ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और पूरी तरह कमीशनखोरी की भेंट चढ़ने के कारण यह भवन आज भी अधूरा खड़ा है। क्षेत्र के नेताओं और जिम्मेदार अधिकारियों की इस उदासीनता को लेकर जनता में भारी नाराजगी है।





# मछुआ कल्याण समिति द्वारा हरीश सम्मानित

**पाण्डुका।** 21 जून को रायपुर रायपुरा में राम जानकी मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ मछुवा कल्याण समिति का कार्यक्रम था जिसमें इसमें समाज के 10वीं और 12वीं के प्रतिभाशाली हैं बच्चों को सम्मानित करना एवं समाज को गौरवान्वित करने वाले का भी सम्मान करना शामिल था इसी तारम्य में हरिशचन्द्र निषाद को उनके खेल उपलब्धि पर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सिंगापुर में 5 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किए थे। इसी उपलब्धि के आधार पर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ में लक्ष्मण केवट इंस्पेक्टर जिन्हें अभी-अभी माननीय राष्ट्रपति द्वारा शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था और मोहनलाल निषाद इंस्पेक्टर जिसे माननीय राष्ट्रपति द्वारा वीरता की पुरस्कार प्रदान किया गया था उनको भी समाज के द्वारा मोमेंट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही क्षेत्र, नेहरू राम निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, डॉक्टर लखन लाल धीवर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ मछुवा कल्याण बोर्ड, गायत्री गायकग्वाल अध्यक्ष राष्ट्रीय मछुआ संघ छत्तीसगढ़ समाज के आदि पदाधिकारी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर नागरिकों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं। इसी कड़ी में गरियाबंद प्रवास के दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शहर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने रावणभाटा स्थित संतोषी मंदिर क्षेत्र एवं वार्ड क्रमांक-1 के घरों में जाकर महिलाओं से संवाद किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं, वहीं आयुष्मान भारत योजना के जरिए जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है।

■ सांसद रूपकुमारी चौधरी ने महिलाओं से किया सीधा संवाद





**समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका-** उन्होंने डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत डिजिटल भुगतान और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास कार्यों ने देश की गौरवशाली विरासत को नई पहचान दिलाई है। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आधुनिक एक्सप्रेसवे, सड़क, रेल और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं के माध्यम से देश के विकास को नई गति दी गई है। वहीं 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों ने देश की आर्थिक क्षमता को मजबूत किया है। इस दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी ने उपस्थित महिलाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने में समाज के जागरूक नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है तथा विकास की यह यात्रा जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ रही है।

# योग हमारे ऋषि-मुनियों का है अमूल्य उपहार : चंद्रशेखर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर योग एवं व्यायाम किया। ग्राम के ताराचंद निषाद पिछले 5 वर्षों से नियमित रूप से ग्राम सहित क्षेत्र के बच्चों को योग एवं व्यायाम का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में अनेक बच्चों ने जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योग दिवस के अवसर पर उनके नेतृत्व में बच्चों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, सरपंच दशोदा ध्रुव, उपसरपंच पोखराज साहू, पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, पूर्व सरपंच श्रवण यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर साहू ने कहा कि योग हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा दिया गया अमूल्य उपहार है। यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक जीवन का आधार भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से आज योग पूरे विश्व में भारत की पहचान बन चुका है। हमें प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। गोपी ध्रुव ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की सबसे सरल और प्रभावी पद्धति है। युवा पीढ़ी को नशे और तनाव से दूर रहकर योग एवं खेल गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। वहीं पूर्व सरपंच श्रवण यादव ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों, बच्चों एवं ग्रामवासियों का अभिनंदन करते हुए योग को स्वस्थ समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। तथा सरपंच दशोदा लोमश ध्रुव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। योग दिवस का यह आयोजन पूरे ग्राम में उत्साह और प्रेरणा का केंद्र बना रहा।इस अवसर पर शिक्षक संतोष साहू,मुकेश ध्रुव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



# पिपरहट्टा विद्यालय परिसर में मनाया गया योग दिवस



**पाटसिवनी(पिपरहट्टा)।** ग्राम पिपरहट्टा के विद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योग का शुभारंभ मां भारती के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया उसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ योगिंग जॉगिंग, सूक्ष्म अभ्यास कराया, फिर प्राणायाम, कपालभाती, अनुलोम अनुविलोम, भ्रामरी प्राणायाम, नाड़ी शोधन, ध्यान का अभ्यास कराया दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, मंडूकासन, शासकांआसान, धनुरासन, उष्ट्रासन, पवन मुक्तासन, हलासन सेतुबंध आसन, भुजंगासन, वक्रासन, सर्वांगासन का अभ्यास के साथ-साथ योग से होने वाले फायदे को बताया गया। अंत में योग ताली एवं शांति पाठ कराया गया तथा मध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के द्वारा बच्चों को नियमित योग अभ्यास करने व नशापान, मोबाईल फोन से दूर रहने एवं उसके दुष्परिणाम को बताया गया।

**ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा आरसेटी**

# खेल-खेल में सीख रहीं ज्वैलरी मेकिंग और बिजनेस के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रूरल सेल्फ इंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (ग्रामीण स्वरोजगार विकास संस्थान) गरियाबंद एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत सढ़ौली में आर्टिफिशल ज्वैलरी मेकिंग का प्रशिक्षण आरसेटी द्वारा दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण केवल 14 दिनों का है जिसमें 10 दिन में थ्योरी के साथ साथ प्रैक्टिकल भी कराया जाता है। 4 दिन उनके सिखे हुए कार्यों का मूल्यांकन किया जाता है। जिसमें ट्रेनी को उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत मार्केटिंग प्रबंधन, बैंकिंग, सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के समस्या का समाधान के विषय में डिजिटल मार्केटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। जिसे खेल गतिविधि के माध्यम से सरलता से सिखाया जा रहा है। जैसे खेल प्रबंधन के लिए रिंग टाय गेम, आत्मनिर्भरता के लिए सामूहिक टॉवर निर्माण गेम, उत्पाद के गुणवत्ता व समय प्रबंधन करने के लिए नाव विधि का प्रयोग कर विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही है। गांव के ही 35 से अधिक महिलाएं एवं बालिका प्रशिक्षण ले रहे है, जहां उन्हें मुख्य रूप से झुमके 5 प्रकार के टॉप्स, बाली, डेकोरेटिव समान जैसे तोरण, झूमर, चूड़ी, करवाचौथ की सजावटी थाली एवं चन्नी, ब्रेसलेट, राधा रानी गले का सेट, मांगटीका, जन्मदिन और विशेष अवसर पर सर में पहनने वाले टियारा, डेकोरेटिव हेयर क्लिप, बाल संवारने वाला जुड़ा, गले के मोतियों से बना हार बनाया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षाणार्थी योगिता शांडिल्य ने बताया कि रूरल सेल्फ इंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान) एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 14 दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वैलरी मेकिंग प्रशिक्षण में सहभागिता कर स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की आर्टिफिशियल ज्वैलरी एवं सजावटी सामग्री निर्माण का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इसके अंतर्गत झुमके, टॉप्स, बाली, ब्रेसलेट, मांगटीका, गले के सेट, मोतियों के हार, टियारा, हेयर क्लिप, झूमर, तोरण तथा अन्य सजावटी वस्तुओं का निर्माण करना सीखा।

### शासकीय योजनाओं की दी जानकारी



प्रशिक्षण में सिद्धांत एवं प्रायोगिक दोनों पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। ज्वैलरी निर्माण के तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्हें उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विपणन प्रबंधन, बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल मार्केटिंग तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से समय प्रबंधन, गुणवत्ता प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता तथा सामूहिक कार्य संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें न केवल नया कौशल प्राप्त हुआ है, बल्कि स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने का आत्मविश्वास भी मिला है। वे भविष्य में आर्टिफिशियल ज्वैलरी निर्माण को स्वरोजगार के रूप में विकसित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करना चाहती हैं।

### पिता हमारे जीवन की सबसे बड़ी ताकत : संध्या

**सुरसाबांधा।** 21 जून, फादर्स डे के अवसर पर पुत्री संध्या निर्मलकर एवं स्वाति निर्मलकर ने अपने पिता रिपुसूदन निर्मलकर के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा हमारे पिताजी हमारे जीवन की सबसे बड़ी ताकत, प्रेरणा और विश्वास हैं। उन्होंने हमें केवल जीवन ही नहीं दिया, बल्कि अच्छे संस्कार, शिक्षा, आत्मविश्वास और हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की सीख भी दी है। उनके त्याग, संघर्ष और निस्वार्थ प्रेम का ऋण हम कभी नहीं चुका सकते। कहा कि हमारी माताजी ममता निर्मलकर और पिताजी रिपुसूदन निर्मलकर ने हमें प्रेम, अनुशासन, सेवा और मानवीय मूल्यों का पाठ पढ़ाया है। आज जो भी हैं, उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन का ही परिणाम है। दोनों पुत्रियों ने फादर्स डे के अवसर पर अपने माता-पिता के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए कहा ईश्वर से हमारी यही प्रार्थना है कि हमारे माता-पिता सदैव स्वस्थ, प्रसन्न और हमारे जीवन पर अपना स्नेह एवं आशीर्वाद बनाए रखें। उनके चरणों में ही हमारे जीवन का सबसे बड़ा सुख और सम्मान है।

